### रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

# नवाचार, अनुसंधान और विकास के माध्यम से समाज में आएगा सकारात्मक परिवर्तन : राज्यपाल रमन डेका

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



नवाचार, अनुसंधान और विकास के माध्यम में ही हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और गरीबी, बीमारी, बेरोजगारी सहित कई समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। ये उद्गार शनिवार को राज्यपाल रमेन डेका ने रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में व्यक्त किए।

राज्यपाल डेका रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में 1440 विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा तथा विभिन्न संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 20 से अधिक विद्यार्थियों को चान्सलर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया साथ ही प्रसिद्ध लोकगायक प्रहलाद सिंह तिपानिया और प्रसिद्ध हास्य कवि सुरेन्द्र दुबे को डी.लिट. की मानद उपाधि प्रदान की गई।राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह के अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज का दिन विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। पालक, शिक्षकों, संस्था और स्वयं की मेहनत से वे आज इस मुकाम पर पहुंचे है। आज हमारी अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन तक ले जाने में हमारे युवा भी सहभागी है। डेका ने कहा कि समय बहुत महत्वपूर्ण है इसका सदुपयोग करें और आनंद लें। सपने देखे और उसे साकार करने के लिए मेहनत भी करें।राज्यपाल ने कहा कि आज भारत दुनिया में सबसे तेजी में बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और भारत की छवि में उल्लेखनीय बदलाव आया है। यह धारणा परिवर्तन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत दुनिया में सबसे युवा राष्ट्र के रूप में उभरा है। इस देश के युवा होने के नाते आप हमारी अर्थव्यवस्था और विकास के चालक बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा के नवाचार के क्षेत्र में भारत का योगदान उल्लेखनीय रहा है। भारतीय गणितज्ञ भास्कराचार्य को मध्यकालीन भारत का सबसे महान गणितज्ञ माना जाता है। उन्होंने ही सबसे पहले पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने में लगने वाले समय की सही गणना की थी। भारतीयों ने दुनिया को शून्य की अवधारणा दी।समारोह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस. के सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया और विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलाधिपति रविशंकर जी महराज और टी.आइ.एस.एस मुबंई के कुलाधिपति प्रोफेसर डी.पी. सिंह ने भी अपना उद्बोधन दिया। प्रति कुलाधिपति हर्ष गौतम ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

#### युवाओं को स्टार्ट-अप के बारे में सोचना चाहिए

राज्यपाल ने कहा कि आज वैश्विकरण के इस दौर में युवाओं को स्टार्ट-अप के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे उद्यमी बने और रोजगार सृजन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने चरित्र, नवाचार और समाज के प्रति सेवाभाव के माध्यम से इस देश के अतीत के गौरव को पुनर्जीवित करें और समाज तथा मानवता के लाभ के लिए अपने ज्ञान का पूर्ण उपयोग करने का संकल्प लें। हमने दुनिया को योग दिया, हमने दुनिया को आयुर्वेद दिया। महानतम वैज्ञानिकों में से एक, दार्शनिक और गणितज्ञ अल्वर्ट आइंस्टीन ने कहा था, हम भारतीयों के बहुत आभारी हैं जिन्होंने हमें गिनती करना सिखाया, जिसके बिना कोई भी सार्थक वैज्ञानिक खोज नहीं की जा सकती थी।

## मुस्कूटी से मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण के लिए मिली स्वीकृति



रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाजनक और सुरक्षित आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण की विशेष पहल की जा रही है। इस कड़ी में प्रदेश के सुदुर आदिवासी इलाके में जशपुर जिले के कांसाबेल क्षेत्र के अंतर्गत मुस्कुटी से मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 4 करोड़ 28 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मुस्कुटी के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री निवास बगिया पहुंचकर मुख्यमंत्री जी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी से मुलाकात कर सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृत करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री की इस पहल से अब क्षेत्र की इन सड़कों के कार्य पूर्ण हो जाने पर कुनकुरी एवं जिला मुख्यालय तक काफी दूरी कम होगी और इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। ग्रामीणों ने कहा कि जिले में अन्य कई सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य के लिए भी करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए है।ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में सड़कों पर कीचड़ और दलदल के कारण यात्रियों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी होती थी। अब सड़क के निर्माण हो जाने पर इन समस्याओं से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। इस सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत के साथ ही स्थानीय निवासियों के जीवनस्तर में सुधार होगा और क्षेत्र के समग्र विकास में तेजी आएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गृहमंत्री के निवास के बाहर से हटाए गए एसआई भर्ती के अभ्यर्थी



रायपुर। एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी रिजल्ट जारी करने को लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास के बाहर शुक्रवार सुबह से धरने पर बैठे थे, जिसे हटाने पुलिस पहुंची. देर रात गृहमंत्री शर्मा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचकर 2 सप्ताह में रिजल्ट जारी करने की बात कही थी। इसके बावजूद अभ्यर्थी धरने पर बैठे रहे। आज सुबह बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को हटाने पहुंची है । इससे पहले परीक्षार्थियों से 4 सितम्बर को गृह मंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात की थी. इस दौरान उन्होंने 15 दिनों के अंदर रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था. अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई थी कि परिणाम अब घोषित किए जाएंगे, लेकिन हर बार की तरह मायूसी ही हाथ आई. रिजल्ट जारी नहीं होने पर फिर गृह मंत्री बंगले के बाहर धरने पर बैठे हैं. धरने पर बैठे एक अभ्यर्थी ने बताया कि 11 दिनों से 22 अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर हैं. कुछ लोग तूता धरना स्थल में धरने पर रहे, जिनकी कमजोरी इतनी है कि आने की स्थिति में ही नहीं है. 2 ऐसे भी अभ्यर्थी रहे, जिनकी अनशन से तबियत खराब होने पर प्रशासन जबरदस्ती इलाज के लिए आपताल ले गए. अभ्यर्थी ने कहा, सरकार सुध लेने के लिए तूता तक नहीं जाती. बात सुनने के लिए मंत्री जी नहीं आए इसलिए माता-पिता के साथ यहां आना पड़ा ।

### कोचिंग के नाम पर पुलिस अफसर से 60 हजार ठगी

रायपुर। राज्य की एटीएस चीफ राजश्री मिश्रा से 60 हजार रुपए की ठगी हो गई। उन्होंने बेटी को ऑन लाइन ट्यूशन पढ़ाने ट्यूटर फैक्ट्री कोचिंग से संपर्क किया। सुयश शर्मा ने खुद को संस्था का संचालक बताकर उनसे बात की। उसने बायो, फिजिक्स और केमेस्ट्री की पढ़ाई का झांसा दिया।आरोपी ने सालभर की ट्यूशन फीस एक साथ ली। पैसे लेने के बाद उसने एक महीने तक अलग-अलग टीचरों के माध्यम से पढ़ाई करवाई। उसके बाद वह कोचिंग बंद कर फरार हो गया। बाद में पता चला उसने ऐसे कई परिवारों के पैसे ठगे हैं। वह पहले भी ऐसी ठगी कर चुका है। वह फर्जी संस्था खोलकर कोचिंग देने के नाम पर ही लोगों से पैसे वसूलता है। पुलिस अधिकारी ने सबसे पहले रिपोर्ट दर्ज कराई। उसी के बाद पता चला कि दो दर्जन से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुका है। भिलाई से भी कई लोगों का पैसा लेकर भागने की सूचना है। पुलिस अन्य पीड़ितों से संपर्क कर रही है। पता चला है कि सुयश शर्मा पूणे का रहने वाला है। वह परिवार समेत फरार हुआ है।

## रायपुर में लता मंगेशकर की 96वीं जयंती पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 28 को

**सिंगर सौम्यजोत और पियानो वादक सौरेंद्रो आएंगे**

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर की 96वीं जयंती पर रायपुर में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 28 सितंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में शाम 6 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संगीत की धरोहर और लता जी के अमर गीतों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंगर सौम्यजोत और पियानो वादक सौरेंद्रो अपनी अनूठी प्रस्तुति देंगे। यह जोड़ी पहले भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय संगीत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है और अब रायपुर में लता मंगेशकर की स्मृति में अपनी कला का प्रदर्शन करेगी। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध युवा द्रुत बैंड भी अपनी विशेष प्रस्तुति देगा, जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा।

### विशेष अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा और पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा उपस्थित होंगे। इसके अलावा, आयोजन समिति में लता मंगेशकर फैन्स क्लब के संरक्षक मनोज शर्मा, अध्यक्ष सुमन शर्मा और अन्य प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। रायपुर में आयोजित यह कार्यक्रम लता मंगेशकर की स्मृति को सम्मानित करते हुए उनके संगीत और योगदान को श्रद्धांजलि देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

#### लता मंगेशकर की संगीत यात्रा और सम्मान

लता मंगेशकर, जिनका जन्म 28 सितंबर 1929 को हुआ था, भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिष्ठित गायिकाओं में से एक थीं। अपने 30,000 से अधिक गीतों के साथ, उन्होंने 25 से अधिक भाषाओं में संगीत को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। उनके सदाबहार गीत जैसे लग जा गले और ए मेरे वतन के लोगों आज भी हर दिल पर राज करते हैं। लता जी को भारत रत्न, पद्म भूषण, और दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड जैसे उच्चतम सम्मान से नवाजा जा चुका है।

## शकुंतला फाउंडेशन ने 200 बच्चों को स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद दिया

### मुख्य उद्देश्य उन 200 बच्चों का सम्मान करना था



रायपुर। शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने विश्व हृदय दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल ने 200 बाल हृदय मरीजों को आशीर्वाद दिया।

ये बच्चे सफल सर्जरी के बाद स्वस्थ हुए हैं, और उनकी सर्जरी में शकुंतला फाउंडेशन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन 200 बच्चों का सम्मान करना था, जिनका हृदय ऑपरेशन शकुंतला फाउंडेशन के प्रयासों से सफलतापूर्वक किया गया। इन ऑपरेशनों को हैदराबाद केयर अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. तपन दास और रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉ. विनोद आहूजा ने अंजाम दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. तपन दास, वरिष्ठ समाजसेवी राम पंजवानी और संस्था संरक्षक अमर गुरनानी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल बच्चों को नई ज़िंदगी देते हैं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। मंत्री ने बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ चिकित्सक और विशेषज्ञ भी शामिल हुए, जिनमें डॉ. रागिनी पांडेय, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. प्रशांत ठाकुर और डॉ. कृष्णकांत साहू का नाम प्रमुख है। मरीजों के परिजनों ने छत्तीसगढ़ शासन, शकुंतला फाउंडेशन, और दोनों डॉक्टरों डॉ. तपन दास और डॉ. विनोद आहूजा का विशेष आभार व्यक्त किया।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी में मोबाइल अरेंज करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार



पीसं, रायपुर। रेंज साइबर थाना रायपुर की टीम ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर की गई 88 लाख रुपये की ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में प्रार्थी रश्मि ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्हें शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगा गया। इसके बाद साइबर थाना ने अपराध क्रमांक 14/24 धारा 318, 4 (3-5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया।पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज, अमरेश मिश्रा के निदेर्शानुसार, साइबर टीम ने तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए और आरोपियों की धरपकड़ की कार्रवाई तेज कर दी। इसी क्रम में, 21 सितंबर को आरोपी बजरंग यादव (पिता जलेश्वर यादव, उम्र 32 वर्ष, निवासी माधुपुर, मुर्शिदाबाद, वेस्ट बंगाल) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि आरोपी बजरंग यादव को ठगी के लिए मोबाइल अरेंज करने के आरोप में पकड़ा गया है। इसके अलावा, मामले में अब तक 57 लाख रुपये बैंक खाते में होल्ड कराए जा चुके हैं। रेंज साइबर थाना रायपुर की टीम द्वारा की गई यह कार्रवाई साइबर अपराधों के खिलाफ एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, और आगे की जांच जारी है।

## मांगों को लेकर बसपा 24 से निकलेगी आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



सात सूत्रीय मांगों को लेकर बहुजन समाज पार्टी 24 सितंबर से सोना खान-गिरौधपुरी से जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बचाओं, आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा पर निकलने वाली है। जिसका समापन 9 अक्टूबर को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम भवन में संपन्न होगा। जहां उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सांसद व बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर व पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामजी गौतम मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर व प्रदेश प्रभारी एड.एन.पी. अहिरवार, दाऊराम रत्नाकर व प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन उपस्थित रहेंगे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन, दाऊ रत्नाकर, संतोष मार्कण्डे, सूरज तांडी ने बताया कि यात्रा की शुरूआज सुबह 10 बजे सोना खान गिरौधपुरी से बाबा घासीदास के जैतखंभ को नमन करते हुए निकलेगी जो 15 दिनों तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जाएगी जहां लोगों को आत्मसम्मान व उनके स्वाभिमान की जानकारी देते हुए लोगों को जागरुक किया जाएगा। श्याम टंडन ने बताया कि 10 जून को बलौदाबाजार में जो घटना घटित हुई जिसमें निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है उनकी निःशर्त रिहाई किया जाएगा साथ ही हसदेव अरण्य में कटाई पर रोक एवं पूरे प्रदेश में नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय पूर्वक अत्याचार व शोषण को बंद किया जाएगा। कबीरधाम के लोहारीडीह की घटना अतिनिंदनीय है राज्य सरकार वहां तत्काल शांति बहाल करें।

### अनुपस्थित शिक्षिका को थमाया गया शोकॉज नोटिस



बिलासपुर। संभागायुक्त महादेव कावरे ने कोटा ब्लॉक के ग्राम तुमाडबरा प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई लिखाई के स्तर का परीक्षण किया। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी परखी। एक सहायक शिक्षक तृप्ति बुडेक बिना अवकाश लिए शाला से गायब पाई गई। उन्हें शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। एसडीएम युगल किशोर उर्वशा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी वरिष्ठ अफसरों को स्कूल छात्रावास का निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने को कहा है।

### ईईपीसी इंडिया, छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज व उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के तत्वाधान में हुआ आयोजन

## नए बाजार निर्यात के अवसरों की खोज के बारे में किया जागरूक

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 19 सितम्बर को चेंबर भवन में ईईपीसी इंडिया, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में नए बाजार की पहचान और निर्यात के अवसरों की खोज के साथ निर्यातकों को सशक्त बनाने निर्यात जागरूकता सत्र का आयोजन संम्पन्न हुआ। जिसमें सुश्री स्नेहल ढोके, आईटीएस, सहायक डीजीएफटी, नागपुर, राहुल मारोठे, कार्यकारी अधिकारी, ईसीजीसी लिमिटेड, जया बासु क्षेत्रीय निदिशक, ईईपीसी इंडिया एवं कौशिक भट्टाचार्जी, सहायक निदेशक, ईईपीसी इंडिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इंजीनियरिंग निर्यात का दायरा बढ़ाने, निर्यात के बुनियादी सिद्धांतों, निर्यात दस्तावेज, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अवसर, उत्पाद बाजार की पहचान, खरीदारों की पहचान करने के लिए तंत्र, ईईपीसी भारत के माध्यम से प्रदर्शनियों / बीएसएम / आरबीएसएम में व्यापार के अवसर, विदेश व्यापार नीति के तहत उपलब्ध निर्यात प्रोत्साहन, प्रचार में विभिन्न सरकारी एजेंसियों की भूमिका पर अवलोकन छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ ईईपीसी इंडिया के संयुक्त सत्र में निर्यात और निर्यात ऋण बीमा में ईसीजीसी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव ने इंजीनियरिंग क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्यात पर इस तरह के जागरूकता सत्र आयोजित करने के लिए ईईपीसी इंडिया की पहल की सराहना की और छत्तीसगढ़ में अक्सर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा रायपुर, भिलाई, बिलासपुर और दुर्ग क्षेत्र में कई इंजीनियरिंग इकाइयां हैं जिनमें उच्च निर्यात क्षमता है और इस दिशा में पहला कदम उठाने के लिए उन्हें सहयोग की आवश्यकता है। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष, अश्विन गर्ग ने कहा कि स्थानीय एमएसएमई को निर्यात के अवसरों के बारे में शिक्षित करने और जिला निर्यात के तहत छत्तीसगढ़ के संभावित जिलों से इंजीनियरिंग निर्यात प्रदर्शन में उत्कृष्टता लाने के लिए इस तरह के निर्यात जागरुकता सत्र की आवश्यकता है।

ईईपीसी इंडिया भारत सरकार की पहल के अनुरूप अपनी स्थापना के बाद से ही भारत से इंजीनियरिंग निर्यात को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहा है और हमें इंजीनियरिंग निर्यात को अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर तक पहुंचने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर गर्व है। ईईपीसी इंडिया की क्षेत्रीय निदेशक (ईआर) जया बसु ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 112.10 बिलियन का राजस्व अर्जित हुआ। उन्होंने कहा कि ईईपीसी इंडिया भारत के प्रत्येक जिले को इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात केंद्र में बदलने के लिए सरकार के साथ काम कर रही है। साथ ही ईईपीसी इंडिया के प्रमुख कार्यक्रम इंटरनेशनल इंजीनियरिंग सोर्सिंग शो (आईईएसएस) के बारे में बात की, जो भारत को स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच है जो इंजीनियरिंग क्षेत्र में व्यापार और निवेश के अलावा, आईईएसएस अनुसंधान एवं विकास, नवाचार, नए उत्पाद विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आदि को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में भी कार्य करता है।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: स्काई पार्क, ग्राउंड फ्लोर, यूनिट नंबर 1, कैनाल रोड के पास रायपुर - 492001
शाखा कार्यालय: प्रथम तल, इंदिरा टॉवर, ए-26, जोन II, मेन रोड व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.) 495001
शाखा कार्यालय: क्रिसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, स्वरूप टॉकीज के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

[नियम 8(6) के परन्तुक देखें]
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस.

एतद्‌द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा :

| क्र मां क | ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या | सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि | संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय | नीलामी की तिथि और समय | एक दिन पूर्व नीलामी की तिथि | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) |
| 1. | नरेश रूपवानी (उधारकर्ता) आस्था रूपवानी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHRPR00001288306 | खसरा नंबर 33/3, पी.एच. नंबर 114/45, नया 69/70, वार्ड नंबर 46, आर.एन.एम. राजपुर-11, मौजा अमलीडीह, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ | रू. 32,37,168/- सितम्बर 10, 2024 | Rs. 33,29,100/- / Rs. 3,32,910/- | अक्टूबर 04, 2024 11:00 AM 03:00 PM | अक्टूबर 10, 2024 02:00 PM 03:00 PM | अक्टूबर 09, 2024 को 05:00 PM से पहले | भौतिक कब्जा |
| 2. | दिनेश मरकाम (उधारकर्ता) कुंती उइके (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHBSR00001457571 LHBSR00001457572 | डायवर्टेड भूमि का हिस्सा, सर्वे नंबर 594/1, गांव अमसेना, फोन नंबर 38, आर.एन.एम.अमसेना तहसील. सकरी, ब्लॉक तखतपुर जिला. बिलासपुर, छ.ग. | रू. 24,01,940/- सितम्बर 10, 2024 | Rs. 19,44,000/- / Rs. 1,94,400/- | अक्टूबर 04, 2024 11:00 AM 03:00 PM | अक्टूबर 10, 2024 02:00 PM 03:00 PM | अक्टूबर 09, 2024 को 05:00 PM से पहले | भौतिक कब्जा |
| 3. | पवन कुमार ताम्रकार (उधारकर्ता) दुर्गेश देवी ताम्रकार (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHRPR00001448775 LHRPR00001448834 | फ्लैट नंबर सी-403, खसरा नंबर 2146 और 2147, पी.एच. नबर 19, आर.एन.एम. दुर्ग, तहसील और जिला. दुर्ग, छ.ग. | रू. 24,72,230/- सितम्बर 10, 2024 | Rs. 21,12,141/- / Rs. 2,11,214/- | अक्टूबर 04, 2024 11:00 AM 03:00 PM | अक्टूबर 10, 2024 02:00 PM 03:00 PM | अक्टूबर 09, 2024 को 05:00 PM से पहले | भौतिक कब्जा |
| 4. | पवन देव केशरी (उधारकर्ता) विंदा वती देवी, (सह-उधारकर्ता) मोहन लाल केशरी (सह-उधारकर्ता ऋण खाता संख्या LHDRG00001480194 | एलआईजी नंबर 812, खसरा/शीट नंबर 462, मौजा-कोहका (हाउसिंग बोर्ड), तहसील और जिला. दुर्ग (सी.जी.) | रू. 22,48,878/- सितम्बर 10, 2024 | Rs. 18,46,688/- / Rs. 1,84,669/- | अक्टूबर 04, 2024 11:00 AM 03:00 PM | अक्टूबर 10, 2024 02:00 PM 03:00 PM | अक्टूबर 09, 2024 को 05:00 PM से पहले | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- eauctions.samil.in) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को 09अक्टूबर, 2024 को शाम 05:00 बजे से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को 09 अक्टूबर 2024 को शाम 04:00 बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को 09 अक्टूबर 2024 को शाम 05.00 बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों के फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। बयाना जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी" के पक्ष में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी की शर्तों और नियमों या निविदाओं के प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com पर जाएं।

दिनांक : सितम्बर 22, 2024
स्थान : रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106